उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या–540/आठ–3–2023
लखनऊः दिनांकः 14 मार्च, 2023

–कार्यालय–आदेश–

देश में सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर उत्खनन किये जाने के दौरान उन स्थानों पर पहले से विद्यमान अवस्थापना एवं यूटिलिटी सम्पत्तियों के क्षतिग्रस्त होने से आर्थिक क्षति, नागरिकों को असुविधा तथा अन्य हितधारकों को होने वाली व्यवसायिक हानि से बचाव के लिए उत्खनन करने वाली संस्था और अवस्थापना/यूटिलिटी सम्पत्तियों के धारक के मध्य समन्वय हेतु भारत सरकार द्वारा "Call Before u Dig" (CBud) मोबाइल ऐप तैयार किया गया है।

2– डी0डी0जी0, राष्ट्रीय बाडबैण्ड मिशन, संचार मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–3–1/2022–एन.बी.एम. दिनांक 29.12.2022 के अनुक्रम में "Call Before u Dig" (CBud) मोबाइल ऐप के संचालन हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की ओर से एतद्द्वारा एडमिन/नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

एडमिन/नोडल अधिकारी द्वारा स्टेट यूटिलिटी एजेन्सी एडमिन/नोडल की लॉगिन आई0डी0 तैयार की जायेगी तथा स्टेट यूटिलिटी एजेन्सी एडमिन/नोडल द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समस्त अभिकरणों की लॉगिन आई0डी0 तैयार की जायेगी।

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव

संख्या–540(1)/आठ–3–2023–तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) सचिव, दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(2) डी0डी0जी0, राष्ट्रीय बाडबैण्ड मिशन, संचार मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(3) प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के एडमिन/नोडल अधिकारी के संबंध में निर्धारित प्रारूप पर सूचना संलग्नकर अवगतार्थ प्रेषित।
(4) आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
(5) आयुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
(6) उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(7) अध्यक्ष, समस्त विशेष क्षेत्र, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(8) जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
(9) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(10) निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।
(11) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
14.3.2023
(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
उप सचिव

GENERAL UO/2023-KP r